# 'घायलों को अस्पताल लाने वाले होंगे आयुष्मान जीवन रक्षा योजना में पुरस्कृत'



श्रीगंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया।

- यातायात में अवरोध बनने वाले होर्डिंग्स को हटाने एवं सर्दी में धुंध के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये अभी तक हुई गतिविधियों और कार्यक्रमों की समीक्षा की।

पुलिस, यातायात, पीडब्लयूडी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के माध्यम से पुरस्कृत किया जाये। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर विकास न्यास द्वारा चिन्हित स्थानों पर ट्रैफिक लाइट्स का संचालन शुरू किया जाये।

नगर विकास न्यास अधिकारी ने बताया कि सुखाड़िया सर्किल पर जल्द ट्रैफिक लाइट शुरू की जायेगी। चहल चौक पर लाइट्स रिपेयरिंग का कार्य जारी है, जिसके पश्चात ट्रैफिक लाइट का संचालन किया जायेगा। इसके बाद मीरा चौक पर भी ट्रैफिक लाइट शुरू की जायेगी। निराश्रित पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिये ऐसे पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाने के लिये नगर परिषद और नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सर्दी में धुंध के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये साइन बोर्ड लगाने के लिये एनएचएआई और वाहन चालकों को प्रशिक्षित करने के लिये जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट्स, प्राईवेट बस, स्कूली वाहन ऑपरेटर्स के लिये कार्यशाला आयोजित की जाये। सड़क किनारे से सूखे पेड़ों और झाड़ियों को हटाया जाये। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना नहीं करने वाले और ओवर लोडेड वाहन चालकों के खिलाफ जिला परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रोत्साहित किया जाये। उन्हें मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के माध्यम से पुरस्कृत भी करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय जिला चिकित्सालय, पीएचसी, सीएचसी सहित समस्त चिकित्सा संस्थानों में स्टाफ को पाबंद किया जाये कि सड़क दुर्घटनाओं के घायलों का तत्काल उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें लाने वालों को पुरस्कृत और प्रोत्साहित भी किया जाये। यातायात व्यवस्था में अवरोध बनने वाले होर्डिंग्स को हटाने और पार्किंग स्थल चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के लिये नगर विकास न्यास और यातायात पुलिस को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि सूरतगढ़ स्थित इंदिरा सर्किल के पास क्षतिग्रस्त सड़क की जल्द मरम्मत करवाई जाये।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये संबंधित विभाग समुचित कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटना होने पर पुलिस, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभाग तत्काल पहुंचे और घायलों का जीवन बचाने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये।

## 109 कुंडीय महायज्ञ चार से

**नोखा,**(कासं)। जसरासर तहसील के काकड़ा गांव की जसरासर रॉड पर श्री श्री 1008 महंत रामरतन दास महाराज के सानिध्य व ग्रामीणों के सहयोग से 109 कुंडीय महायज्ञ व सवा करोड़ शिवलिंग विसर्जन का आयोजन 4 दिसम्बर को शुरू होगा।

इसके लिए 9 नवम्बर को भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया था। तब से लेकर तैयारियां लगातार चल रही है। आसपास की जमीन समतलीकरण व ट्यूबवैल व पानी सप्लाई की सुविधा सहित अन्य काम चल रहा है। इस कार्यक्रम में यज्ञाचार्य वैदिक प. दयाकृष्ण शास्त्री होंगे और 109 कुंडों पर अगल-अगल पंडित बेठेंगे। इन महात्माओं द्वारा इसी गांव में इससे पहले 1983,1993,2008 में भी हो महायज्ञ कर चुका है।

अब 4 दिसम्बर 2024 को महायज्ञ व शिवलिंग पूजन दोनों साथ होगा। यज्ञ शाला परिसर में रात्रि के समय रामलाल व रासलीला कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। इस बार फिर जैसे ही इतने बड़े कार्यक्रम की सूचना मिली तो लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में 109 कुंडीय महायज्ञ के साथ सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन होगी।

बीकानेर जिले में ऐसा पहला कार्यक्रम है जिसमे। इतना बड़ा यज्ञ व शिवलिंग पूजन दोनों हो रहा है फिर यहां वेद मंत्रों के साथ विधिवत रूप से शिवलिंग का विसर्जन होगा और गणेश जी का विसर्जन प्रयागराज में जाकर करेंगे।

## सार-समाचार

### साहसिक गतिविधियों में दिखाया दम



स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में संचालित जिला स्तरीय डायमंड जुबली स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण कर तृतीय दिवस का आगाज किया। उन्होंने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट स्वावलंबी एवं सुनागरिक बनकर अपने कर्तव्य एवं दायित्व को निभाएं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भंवर लाल जांगिड़ एवं स्थानीय संघ गंगाशहर के प्रधान भवानीशंकर जोशी उपस्थित रहे। तृतीय दिवस पर स्काउट गाइड द्वारा साहसी गतिविधियों के लिए स्काउट गाइड गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने वॉल क्लाइंब बेस से किया। साहसिक गतिविधियों के साथ शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन, विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। प्रधान संचालक रामजस लिखाला के अनुसार साहसिक गतिविधियों में टायर टनल, वाल क्लाइंब, वॉल टायर, कमांडो ब्रिज, मंकी ब्रिज, रॉक क्लाइंबिंग, बैलेंसिंग बार, आर्चरी, हैंगिंग टायर, पजल्स, मैसेंजर ऑफ पीस आदि में स्काउट गाइड ने भाग लिया। सीओ स्काउट जसवंत सिंह राजपुरोहित के अनुसार तृतीय दिवस जल सरंक्षण को समर्पित रहा। जल सरंक्षण संगोष्ठी एवं कार्यक्रम आयोजित किये गए। गतिविधि प्रभारी और सहायक लीडर ट्रेनर घनश्याम व्यास ने बताया कि पियोनियरिंग प्रोजेक्ट, स्थानीय संघ स्तर के द्वार प्रतियोगिता का आयोजन किया भी किया गया। शिविर में सुरेश कुमार, किशनाराम कांटिया, रामकृष्ण पन्नीवाल, रविप्रकाश चाहर, गोपी प्रजापत, कृष्ण शेखावत, राधेश्याम सियाग, भंवर सिंह शेखावत, संतोष रंगा, महजबीन, सावित्री आदि ने विभिन्न व्यवस्थाओं को संभाला।

### नशा नहीं करने की शपथ दिलाई




नशा मुक्त राजस्थान अभियान के पोस्टर का विमोचन आईजी ओमप्रकाश और बीकानेर एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का चौंबीसवां स्थापना दिवस गुरूवार को पार्टी की बीकानेर इकाई ने नशा मुक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नशे मुक्ति के खिलाफ जागरूकता का संकल्प लिया। इस मौके पर लोजपा (आर) के राष्ट्रीय सचिव रमजान मुगल के आव्हान पर चलाये गये नशा मुक्त राजस्थान अभियान के पोस्टर का विमोचन बीकानेर रेंज पुलिस मुख्यालय में आईजी ओमप्रकाश और बीकानेर एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने किया। इस दौरान आईजी ओमप्रकाश ने नशा मुक्ति के लिये शपथ दिलाते हुए अपने संदेश में कहा कि नशाखोरी समाज के लिये अभिशाप है। इस अभिशाप को खत्म करने के लिये हम सबकों मिलकर प्रयास करने होगें। उन्होने कहा कि नशा मुक्ति के खिलाफ चलाये गये अभियान में राजनैतिक, गैर राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के अलावा आमजन को भी अपनी भागीदारी निभानी होगें। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में लोजपा (आर) के राष्ट्रीय सचिव रमजान मुगल, प्रदेश सचिव मंजूर कलाकार, जिला अध्यक्ष कुलदीप तंवर, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश छंगाणी, मोहम्मद हारून, तरूण कुमार, तारीक अहमद, बरकत अली, राजा शेख, जावेद खान, साबिर खान, रियाज शेख समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नए मतदाताओं के पंजीकरण शुरू

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बार संघ के 2024-25 सत्र के चुनाव 13 दिसम्बर को होंगे। चुनाव कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई जो चार दिसम्बर तक चलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मदनलाल पारीक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के लिए व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है। चुनाव कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बार रूम में फॉर्म उपलब्ध रहेंगे। फॉर्म के साथ अधिवक्ता को एनरोलमेंट रजिस्ट्रेशन की प्रति और पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना अनिवार्य है। वोटर लिस्ट पर आपत्तियां 5 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ली जाएंगी। आपत्तियों का निस्तारण 6 दिसम्बर को किया जायेगा। उसी दिन शाम 5 बजे अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। नामांकन प्रक्रिया 7 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। नामांकन वापसी के लिए 9 दिसम्बर की अपरान्ह 3 बजे तक का समय दिया गया है।

# मिठाई की दुकान पर पिस्तौल के दम पर 82 हजार की लूट

- लूट की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के भादरा में देर शाम मिठाई की दुकान पर तीन अज्ञात बदमाशों ने पिस्तौल के दम पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश दुकान में मिठाई लेने के बहाने आए थे जिसके बाद हजारों की नगदी और सोने चांदी के कुछ आइटम लेकर फरार हो गए। लूट की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। भादरा पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी है।

भादरा थाना प्रभारी भूप सिंह सहारण ने बताया कि देर शाम 9 से 9:30 के बीच पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे में स्थित भवानी जोधपुर मिष्ठान भंडार पर अज्ञात बदमाश लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो उसमे दुकान के अंदर दो जने पिस्तौल के साथ नजर आए हैं। जिनकी पहचान की जा रही हैं।

दुकानदार ने पुलिस को तीन जने लूट में शामिल होना बताया हैं। जिसके बाद पुलिस ने एसपी अरशद अली के निर्देशन में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर बदमाशों की पहचान कर धरपकड़ के प्रयास शुरू किए हैं। थाना प्रभारी भूप सिंह ने बताया कि जल्द की पुलिस बदमाशों को पकड़ लेगी।

पुलिस के अनुसार पीडित महेन्द्र सिंह पिता गोविन्द सिंह राजपुरोहित निवासी गांव भोम हेमसिंह पी.एस. हादा तहसील कोलायत जिला बीकानेर ने रिपोर्ट दी कि वो कस्बा भादरा में अम्बेडकर सर्किल के पास भवानी जोधपुर मिठाईवाला नाम से दुकान करता है। 26 नवम्बर 2024 को शाम 8:37 पर तीन आदमी पल्सर बाइक लेकर आए। मेरे से एक किलो गाजर हलवा मांगा।

पीडित ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाशों ने पिस्टल निकाली। एक बदमाश ने गर्दन पर पिस्टल लगाकर गल्ले में रखे 82 हजार रूपए, एक सोने की अंगूठी और तीन सिक्के चांदी के लूट लिए। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर आये थे। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया है।

**नौ पुलिसकर्मियों पर मकदमा दर्ज :** सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के भुडनपुरा पंचायत के परसा का बास में शराब का अवैध कारोबार करने वाले को पकड़ने गई पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए विवाद को लेकर चौथे दिन ग्रामीणों का थाने पर चल रहे धरने पर पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया की अगुवाई में एसपी देवेंद्र सिंह राजावत, डीएसपी विकास धींधवाल से वार्ता की गई। जिसमें ग्रामीणों की ओर से रखी मांग को मानते हुए थानेदार सुखदेव सिंह व नौ पुलिसकर्मियों सहित शराब ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा एक महिला व दो पुलिसकर्मियों को लाइन भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार थानेदार सुखदेवसिंह, हैड कांस्टेबल धर्मवीर, हैड कांस्टेबल भीम कौर, हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र, विजेंद्र, घनश्याम, अमित कुमार, नवीन कुमार, प्रवीण कुमार सहित शराब ठेकेदार बिल्लू गढ़वाल पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नवम्बर के अंत में भी पारा चढ़ा

**बीकानेर,** (कासं)। नवम्बर खत्म होने को है। लोग इंतजार कर रहे हैं कि नवम्बर के अंत तक सर्दी परवान पर होगी पर अब तो पारे की उल्टी ही चाल शुरू हो गई। जैसे जैसे नवम्बर बीत रहा पारा बढ़ने लगा है।

बीती रात का पारा 16 डिग्री पार हो गया। बीती रात का पारा 16.3 डिग्री रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। क्योंकि इस वक्त 12 डिग्री तापमान रात का होना चाहिए लेकिन 16.3 डिग्री तक पहुंच गया। वो भी तब जब पिछले सप्ताह पारा 14 डिग्री तक आ गया था। दोपहर में तो हवा भी तेज हो गई। उस कारण दोपहर बाद ठंडक तो महसूस हुई और संभव है कि गुरूवार को तापमान कम हो जाए मगर रात को हवा अगर थम गई तो तापमान स्थिर भी हो सकता है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान भी सटीक नहीं बैठ पा रहा। पहले एक दिसम्बर तक 10 डिग्री के नीचे तापमान आने की संभावना है और अब चार दिसम्बर तक 12 डिग्री तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तापमान के हिसाब से अभी नवम्बर के शुरूआत जैसा पारा है। सर्दी कम ना होने के पीछे हवा का थमना और कोहरा ना होना माना जा रहा है।

# श्रीगंगानगर में बार संघ चुनाव से पहले ही विवाद

- नॉन प्रैक्टिशनर एडवोकेट्स ने बनाई अलग बार एसोसिएशन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बार संघ चुनाव के लिए तीन सदस्यीय चुनाव समिति की ओर से जारी की गई 895 बार संघ सदस्यों की अस्थाई सूची को लेकर गुरूवार को भी आक्रोश रहा।

चुनाव समिति ने पिछले चुनाव में वोट दे चुके 1400 से ज्यादा एडवोकेट्स में से करीब पांच सौ एडवोकेट्स को नॉन प्रैक्टिशनर माना और इन्हें मतदाता सूची से बाहर कर दिया। इस पर नॉन प्रैक्टिशनर माने गए एडवोकेट्स ने रोष जताते हुए गुरूवार को अलग अध्यक्ष का चुनाव कर लिया ओर महाराजा गंगासिंह बार संघ का गठन करते हुए कृष्ण सहारण को नया अध्यक्ष चुन लिया।

नॉन प्रैक्टिशनर माने गए वकीलों की ओर से चुने गए नए अध्यक्ष सहारण ने गुरूवार को बार संघ कक्ष पर ताला लगा दिया। इससे प्रैक्टिशनर वकीलों में रोष फैल गया। उन्होंने सहारण से ताला खोलने को कहा। इस पर दोपहर बाद ताला खोला गया और आमसभा रखी गई। सहारण ने इस आमसभा का बहिष्कार कर दिया।

पिछले बार संघ चुनाव में 1417 एडवोकेट्स ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। इस बार जब बार एसोसिएशन चुनाव के लिए चुनाव समिति का गठन किया गया तो तीन सदस्यीय समिति ने इन 1400 से ज्यादा सदस्यों में करीब पांच सौ नाम यह कहते हुए काट दिए कि ये वकील नॉन प्रैक्टिशनर हैं। सूची जब सार्वजनिक हुई तो नॉन प्रैक्टिशनर वकीलों ने इस पर रोष जताते हुए चुनाव समिति से संपर्क किया। चुनाव समिति सदस्यों ने सूची को फिर से जांचा और मामूली बदलाव किए लेकिन नॉन प्रैक्टिशनर वकीलों को बार संघ का मैंबर नहीं माना। जब नॉन प्रैक्टिशनर वकीलों की बात नहीं सुनी गई तो उन्होंने गुरुवार सुबह महाराजा गंगासिंह बार संघ का गठन करते हुए कृष्ण सहारण को अध्यक्ष चुन लिया। सहारण के नेतृत्व में एडवोकेट्स ने बार एसोसिएशन हॉल पर ताला लगा गया।

# गौवंश को मेथी अजवाइन के लड्डू खिलाए

**नोखा,** (कासं)। नोखा उपखंड क्षेत्र में जन अधिकार सेना द्वारा गोसेवा के लिए लगातार प्रेरणादायक कार्य किए जा रहे हैं। शीर्ष मास के पावन पर्व पर संगठन ने विशेष पहल करते हुए गौवंश के लिए डेढ़ क्विंटल मेथी और अजवाइन के लड्डू तैयार कर उन्हें खिलाया।

जनसेवकों ने बिजू महाराज हलवाई के आर्थिक सहयोग से लड्डू तैयार कर वासुदेव गौशाला रोड़ा में गायों को खिलाए। इसके अलावा, सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंश को भी लड्डू वितरित किए गए। संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा सेवा कार्य है। उन्होंने कहा कि गौ माता में 33 कोटी देवी-देवताओं का वास होता है। नियमित रूप से गौ सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

इस आयोजन में प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, जिला सचिव मालचंद सारस्वत, कार्यकारिणी सदस्य शिवरतन नाई, बिजू महाराज हलवाई, पंडित राधेश्याम शर्मा, मनीष शर्मा, अजयपाल सारस्वत, रणजीत सिंह दावा, प्रकाश उपाध्याय, आनंद सिंह ऊडसर, निर्मल बिश्नोई, श्यामलाल और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा 30 को

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के योद्धा शहीद मेजर पूर्ण सिंह के 59 वें बलिदान दिवस के अवसर पर 30 नवंबर को स्थानीय मेजर पूर्ण सिंह सर्किल पर प्रात 9:15 बजे वीर शहीद को बीकानेर की आवाम द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की जायेगी।

श्रद्धांजलि सभा के आयोजक कर्नल हेम सिंह शेखावत ने बताया कि इस सभा में शहीद परिवार के सदस्य, मित्र, सैन्य अधिकारी, सैनिक, बीएसएफ की बटालियन, जिले के प्रशासनिक अधिकारी, गौरव सेनानी एसोसिएशन, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, शहीद मेजर पूर्ण सिंह रा.उ.मा.वि. के शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहेंगे।

# बीकानेर से रामेश्वरम् के लिए 6 दिसम्बर को रवाना होगी विशेष ट्रेन

- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 780 यात्रियों को लेकर जायेगी ट्रेन

**बीकानेर,** (कासं)। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन बीकानेर से रामेश्वरम-मदुरै तीर्थ स्थल पर 6 दिसम्बर को रवाना होगी।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि बीकानेर के 780 यात्रियों को बीकानेर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 6 के बाहर ट्रेन रवानगी से 5 घंटे पूर्व सुबह 10 बजे आना होगा। उन्होंने बताया कि बीकानेर और चूरू जिले के गांव-गांव से यात्री आते हैं, जिनसे दस्तावेज एकत्रित करके चैक किया जायेगा। इसलिए उन्हें 5 घंटे पहले आना अनिवार्य है। दस्तावेज चैक करने के बाद उनको उनके कोच में भेजा जायेगा तथा वहां से प्रत्येक यात्री को यात्रा का टिकट और कार्ड दिया जायेगा।

सहायक आयुक्त ने बताया कि इस ट्रेन में एक ट्रेन प्रभारी, सहायक ट्रेन प्रभारी, मेडिकल टीम और प्रत्येक कोच में दो अनुरक्षकों को लगाया जायेगा। अनुरक्षकों को 6 दिसम्बर को सुबह 10 बजे तक बीकानेर रेलवे स्टेशन बुलाया गया है। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में बीकानेर रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था अन्य कार्य हेतु कार्यालय के कार्मिक श्वेता चौधरी, सुनीता मेहरा, महेश कुमार शर्मा, किशोर कुमार शर्मा, रितेश श्रीमाली, गोपाल आचार्य, राजेश दाधीच, अनसुइया शर्मा, सोनू शर्मा, पुरुषोत्तम, कल्पिश शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

# चानी में सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों को चिन्हित करने के लिए सर्वे कराएं : एडीएम



ग्राम चानी में रात्रि चौपाल में एडीएम ( प्रशासन ) डॉ. दुलीचंद मीणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

- कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त व निर्धारित विद्युत सप्लाई देने के निर्देश दिए

**बीकानेर,**(कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने कहा कि ग्राम चानी में सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों को चिन्हित करने के लिए सर्वे कार्य प्राथमिकता से करवाया जाए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने ग्राम पंचायत चानी में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गांव में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा सोनोग्राफी के लिए चिकित्सा विभाग राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दें।

उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी नियमित सर्वे करते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारू रखे तथा कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त व निर्धारित विद्युत सप्लाई दी जाए। इसके अतिरिक्त विद्युत के खुले तारों को नियमानुसार अविलम्ब ढकने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को तारबंदी योजना सहित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को चानी में ऊंटनी के गर्भधारण की जानकारी कर सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को लीकेज समस्या के निवारण के लिए सर्वे करवाकर पाइपलाइन दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में नियमित शिक्षा पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने रात्रि चौपाल के दौरान क्षेत्र के बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वे कर 18 साल पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवाया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने ग्राम में निवासित कार्मिकों को महिला मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# डिजिटल साक्षरता आज के भारत की कूटनीति का प्रमुख शस्त्र : दीक्षित



राष्ट्रीय सेवा योजना की संभाग स्तरीय कार्यशाला को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा भारत की 64 प्रतिशत युवा शक्ति ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। इस युवा शक्ति को डिजिटल शिक्षा के माध्यम से सृजनात्मक क्षेत्र की तरफ उन्मुख कर भारत को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने संभागियों को प्रशिक्षित होकर राष्ट्रसेवा के यज्ञ में अपनी श्रेष्ठ आहुति देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने कहा कि कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षित होकर समाज को आदर्श युवक प्रदान करें। पूर्व प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने कहा कि समाज मे अपनत्व व कर्तव्य बोध जागृत करने की आवश्यकता है।

उद्घाटन सत्र में जिला समन्वयक डॉ. हेमेंद्र अरोड़ा ने समस्त प्रशिक्षण कार्यशाला का परिचय प्रदान किया। जिला युवा अधिकारी डॉ. रूबी पाल ने भी संभागियों को एकाग्र होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा।

इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत ने संभागियों को डीजी लॉकर एवं एन. एस. एस. की गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया। दूसरे सत्र में आनंद कौल ने माय भारत एप्लीकेशन एवं तथा भरत आचार्य ने पीएफएमएस पोर्टल का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में लगभग 150 प्राचार्य व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डूंगर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केसरमल, डॉ. राजेन्द्र सिंह, डॉ. संपत भादू, डॉ. निर्मल कुमार रांकावत उपस्थित थे। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. नरेंद्र नाथ भी मौजूद थे।